प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.01.2026 **11:00 बजे**

उड़ान सेवा

आम जनता के लिए हवाई यात्रा सस्ती बनाने और दूरदराज क्षेत्रों में हवाई कनैक्टीविटी प्रदान करने के उददेश्य से केंद्र सरकार की प्रमुख योजना रिजनल कनैक्टीविटी सिस्टम–उड़ान के तहत आज से प्रदेश में दूरदराज क्षेत्रों के लिए हैली टैक्सी सेवा शुरू की जा रही है। इस सेवा का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिमला के संजौली हैलीपैड से करेंगे। इसके तहत शिमला–रामपुर–रिकांगपिओ, शिमला–कुल्लू ओर शिमला चंडीगढ़ हवाई रूट पर हैली टैक्सी सेवा आज से शुरू होगी। सेवा शुरू होने से दूर दराज क्षेत्रों के लिए इमरजेंसी सेवाओं में मददगार हवाई कनैक्टीविटी स्थापित होगी।

मुख्यमंत्री

इंदिरा गांधी सुख सम्मान निधि योजना के तहत मनाली विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को पहली अप्रैल से 15 सौ रूपये मासिक मिलेंगे। ये घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल विंटर कार्निवाल मनाली में कहा कि प्रदेश के जनजातीय जिलों में कई स्थानों पर ये योजना शुरू की जा चुकी है। इसी कड़ी में अब मनाली विधानसभा क्षेत्र को जोड़ा गया है जिससे यहां महिलाओं को आर्थिक संबल मिलेगा।

महिलाओं को जिनकी आय 1,2 लाख या 3 लाख रूपये है होगी । उनको हम 15 सौ रूपये देंगे। लाहौल–स्पिति में हमने देश शुरू कर दिया। पांगी में हमने देना शुरू कर दिया। आप जल्दी से अपने फार्म भरिये। एक अप्रैल 2026 से आपके अकांउट में 15 सौ रूपये मिलने शुरू हो जायेंगे। मनाली विधानसभा क्षेत्र में हम एक अप्रैल 2026 से 15 सौ रूपये इंदिरा गांधी सुख सम्मान निधि योजना का देना शुरू कर देंगे।

रेस्ट हॉउस

प्रदेश में यात्रा और ठहराव को आम लोगों के लिए आसान बनाने की कोशिशों में सरकार ने जल शक्ति विभाग के विश्राम गृहों को भी ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल से जोड़ दिया है। अब न केवल ये विश्राम गृह आम नागरिकों के लिए उपलब्ध होंगे, बल्कि ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी मिलेगी। "रेस्ट हाउस बुकिंग व कन्फर्मेशन पोर्टल" का शुभारंभ करने के बाद उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया की इस पोर्टल के माध्यम से प्रदेश भर के 87 रेस्ट हाउसों के 324 कमरों की ऑनलाइन बुकिंग की जा सकेगी। पर्यटन को बढ़ावा देने और यात्रियों को किफायती व सुरक्षित ठहराव देने की दिशा में यह फैसला एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

विक्रमादित्य सिंह

मंडी जिला के सुंदरनगर उपमंडल में 28 जनवरी को "सरकार गांव के द्वार" कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान

क्षेत्र की 6 पंचायतों के लोगों की जनसमस्याएं सुनी जाएंगी और उनका समाधान मौके पर ही किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित जागरूकता प्रदर्शनियों का आयोजन किया जायेगा और एक स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जायेगा।

एंटी–चिट्टा ग्राम सभा

प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में आज और कल विशेष "एंटी–चिट्टा ग्राम सभाओं" का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल प्रदेश सरकार के एंटी चिट्टा अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता और समाज की भागेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। अधिक ब्योरे के साथ हमारे शिमला ज़िला सम्वाद्दाता............

इन विशेष ग्राम सभाओं में नशे, विशेषकर चिट्टा के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता, नशा तस्करों की सूचना देने पर राज्य सरकार द्वारा नकद इनाम देने का निर्णय, नशे के आदी व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु सरकार की पहल बारे और ग्राम पंचायत को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रधान द्वारा शपथ ग्रहण आदि बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित खंड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ग्राम सभाओं में अधिकतम जन–भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्रामसभा के सभी वयस्क सदस्य, ग्राम पंचायत के चुने हुए जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह (ष्ळ), युवक मंडल और महिला मंडल के प्रतिनिधि, सभी विभागों के अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और अन्य फ्रंटलाइन कार्यकर्ता, स्कूल प्रबंधन कमेटियां, सरकार द्वारा नोटिफाई की गई नशा निवारण समितियों के सभी सदस्य व स्थानीय संस्थान और गांव के विकास से जुड़े अन्य हितधारक भाग लेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए मैं योगराज शर्मा............

मौसम

प्रदेश में लंबे समय से चल रही सूखे की स्थिति समाप्त होने की उम्मीदें बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आज से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से कल 22 जनवरी को राज्य के मध्यम व अधिक ऊंचाई वाले अधिकांश स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी की संभावना बनी है। विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 23 जनवरी को पूरे राज्य में वर्षा और बर्फबारी के आसार हैं। विभाग ने 23 जनवरी को चंबा और कुल्लू ज़िलों में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा, बर्फबारी और तूफान का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में 27 जनवरी तक मौसम के खराब बने रहने की संभावना है।